भीषण ऑडी हादसा मामले में चालक को फरार कराने वाले सहयोगी पुलिस की गिरफ्त में

ऑडी कार से हुई भीषण दुर्घटना में डिटेन किए गए आरोपियों में दिनेश रणवा, मुकेश, पप्पू तथा मांगीलाल शामिल हैं

जयपुर । पत्रकार कॉलोनी थाना इलाके में शुक्रवार देर रात दिल्ली नंबर की ऑडी कार से हुई भीषण दुर्घटना के बाद ऑडी चालक को फरार करने वाली चार सहयोगियों को पुलिस ने 24 घंटे में चिन्हित कर गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। हादसे के बाद देर रात को ही पुलिस ने क्षतिगस्त ऑडी कार को जब्त कर लिया था।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षिराज ने बताया कि पत्रकार कॉलोनी थाना इलाके में शुक्रवार देर दिल्ली नंबर की ऑडी कार से हुई भीषण दुर्घटना में डिटेन किए गए आरोपियों में चूरू निवासी दिनेश रणवा (32), कांस्टेबल मुकेश (30) निवासी चूरू, पप्पू (28) निवासी रेनवाल तथा मांगीलाल (28) निवासी रेनवाल, जिला जयपुर शामिल हैं। पुलिस छानबीन में सामने आया है कि सुमित चौधरी और डॉक्टर अशोक मीणा ने दुर्घटना के बाद चालक को मौके से भगाने में मदद की। पुलिस ने उस कार को भी जब्त किया है, जिसमें अभियुक्त दिनेश रणवा फरार हुआ था। वहीं मुकेश, पप्पू, सुमित चौधरी और अशोक मीणा को डिटेन कर पूछताछ की जा रही है।

भीषण दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार।

थानाधिकारी मदन कडवासरा ने बताया कि पत्रकार कॉलोनी थाना इलाके में स्थित खरबास सर्किल पर शुक्रवार देर रात 120 की रफ्तार ऑडी कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराई। फिर सड़क किनारे लगी फूड स्टॉल्स में घुस गई। वहां 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। कार 16 लोगों को रौंदते हुए एक पेड़ से टकराकर रुकी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं, चार लोग गंभीर घायल हैं। दर्दनाक हादसे का कारण बनी थी कार रेस, जिसकी शुरुआत अहिंसा सर्किल से ई थी।

जानलेवा रेस की शुरुआत अहिंसा सर्किल से हुई। ऑडी मालिक दिनेश रिणवा (32) दोस्तों के साथ खुद की स्कॉर्पियो में सी-स्कीम में शराब पार्टी कर रहा था।

- **पुलिस छानबीन में सामने आया है कि सुमित चौधरी और डॉक्टर अशोक मीणा ने दुर्घटना के बाद चालक को मौके से भगाने में मदद की।**

कार में बैठे पप्पू चौधरी, मुकेश कांस्टेबल और मांगी लाल ने दिनेश को ऑडी खरीदने की बधाई दी। जिसके रात 8 बजे सभी स्कॉर्पियो कार से सी-स्कीम से पत्रकार कॉलोनी पहुंचे। दिनशे रिणवां ने स्कॉर्पियों घर पर खडी की ओर ऑडी कार में सवार होकर खाना खाने के लिए निकल पड़े। दिनेश और मांगीलाल ऑडी में आगे बैठ गए और मुकेश कांस्टेबल (पुलिस लाइन) और पप्पू चौधरी पीछे बैठ गए।

स्कूली बच्चों ने देखा अडानी पावर प्लांट

छबड़ा/जयपुर। माध्यमिक विद्यालय गोड़ियाचारण के विद्यार्थियों ने शनिवार को अदानी फाउंडेशन कवाई के प्रोजेक्ट उड़ान के तहत अदानी थर्मल पावर प्लांट कवाई का शैक्षिणक भ्रमण किया।

इस दौरान ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रिया को नजदीक से देखा और उसकी कार्यप्रणाली को समझा। विद्यालय के 49 विद्यार्थियों का दल अनुदेशक मुरलीधर नागर, रणजीत मीणा एवं अंतिमा नागर के नेतृत्व में रवाना हुआ जिसे प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण के दौरान अदानी समूह के अधिकारियों ने मॉडल के माध्यम से थर्मल पावर प्लांट की पूरी कार्यप्रणाली विस्तार पूर्वक समझाई।

रक्तदान शिविर को लेकर किया जनसंपर्क

छबड़ा/जयपुर। समाजसेवी प्रेमनारायण नागर की पुण्यस्मृति में सालपुरा रोड स्थित श्री लक्ष्मी आईटीआई में आज आयोजित होने वाले सातवां विशाल रक्तदान शिविर को लेकर आयोजक प्रधान हरिओम नागर के नेतृत्व में मुख्य मार्गो व कोचिंग संस्थानों पर जनसंपर्क कर पंपलेट वितरण किए गए।

जयपुर एयरपोर्ट पर 6 घंटे फ्लाइट लेट, पैसेंजर्स का हंगामा

जयपुर। जयपुर एयरपोर्ट पर मुंबई जाने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट एसजी-651 करीब 6 घंटे लेट हो गई। फ्लाइट का समय अचानक बदले जाने से नाराज यात्रियों ने एयरपोर्ट पर जमकर विरोध किया और एयरलाइंस पर मनमानी के आरोप लगाए। इस फ्लाइट का समय शुक्रवार शाम 6 बजे का था। लेकिन समय बदलकर रात 12:30 बजे कर दिया गया। इस पर यात्रियों ने हंगामा कर दिया। यात्रियों ने आरोप लगाया कि सर्दी में भूखे-प्यासे रखा।

स्पाइसजेट की फ्लाइट जयपुर से शाम 6:15 बजे मुंबई के लिए रवाना होनी थी। तय समय पर यात्री एयरपोर्ट पहुंच गए, लेकिन आखिरी समय में एयरलाइंस ने फ्लाइट का समय बदलकर रात 12:30 बजे कर दिया। अचानक हुई देरी के कारण यात्रियों को ठंड में घंटों इंतजार करना पड़ा।

कई यात्रियों ने आरोप लगाया कि उन्हें न तो समय पर स्पष्ट जानकारी दी गई। न ही पर्याप्त सुविधाएं मुहैया कराई गईं, जिससे नाराजगी बढ़ गई और स्थिति हंगामे में बदल गई।

- **फ्लाइट का समय अचानक बदले जाने से नाराज यात्रियों ने एयरपोर्ट पर जमकर विरोध किया और एयरलाइंस पर मनमानी के आरोप लगाए**

मामले पर स्पाइसजेट एयरलाइंस की ओर से भी बयान सामने आया है। एयरलाइंस ने कहा- तकनीकी कारणों के चलते फ्लाइट एसजी-651 में देरी हुई है। यात्रियों की असुविधा को देखते हुए एयरलाइंस की ओर से रिफ्रेशमेंट और खाने का इंतजाम किया गया है। साथ ही यात्रियों को जल्द गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक विमान की व्यवस्था भी की जा रही है।एयरलाइंस ने कहा- यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा उनकी प्राथमिकता है। स्थिति सामान्य करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि देर रात तक कई यात्री एयरपोर्ट पर परेशान नजर आए। फ्लाइट के समय को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई रही।

'भाजपा में फैसले संवैधानिक रूप से लिए जाते हैं'

टोंक/जयपुर। भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने शनिवार को प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी का कोटा से जयपुर जाते समय भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चैहान के नेतृत्व में स्वागत किया । इस दौरान बगडा ने भाजपा कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक चर्चा करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक लोकतांत्रिक पार्टी हैं, भाजपा में फैसले संवैधानिक रूप से लिए जाते हैं, वही भाजपा की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता से है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसा संगठन है, जिसमें कार्यकर्ता सत्ता में हो या विपक्ष में, जनता की सेवा में निरंतर तत्पर रहता है। इस अवसर पर पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया, विष्णु शर्मा, दीपक संगत, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सैनी, प्रधान काबरा, जिला मंत्री नीलिमा आमेरा, हरिराम यादव, तरूण टिक्कीवाल, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिरोठा, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव सहित कार्यकर्ता व अन्य उपस्थित रहे।

सात दिवसीय आर्ट महोत्सव 27 जनवरी से 3 फरवरी तक

सात दिवसीय आर्ट महोत्सव के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आर्टिस्ट्स की दूसरी सूची की हुई घोषणा

जयपुर। गुलाबी नगरी में 27 जनवरी से 3 फ़रवरी 2026 तक आयोजित होने वाले भारत के सबसे बड़े समकालीन कला महोत्सव जयपुर आर्ट वीक के कलाकरों की दूसरी सूची की घोषणा हुई। सात दिवसीय इस महोत्सव में फ़ीचर्ड, सोलो, ग्रूप, डिजिटल और पारसंस न्यूयॉर्क स्टूडेंट ग्रूप शो जैसी विभिन्न कैटेगिरीज के आर्टिस्ट्स के नाम से पर्दा उठा। इस पांचवें संस्करण में भी जयपुर के अलग-अलग स्थानों पर 100 से अधिक कलाकारों की भागीदारी देखने को मिलेगी, जिसमें 15 से अधिक एकल कला प्रस्तुतियां और पाटी समूह प्रदर्शनी शामिल है।

सोलो प्रस्तुतियों में कांची चोपड़ा ने कृषि अपशिष्ट को टिकाऊ काग़ज़ और पैकेजिंग में बदलने वाले सामाजिक उपक्रम 'कोहिनूरी' की स्थापना की, जिसके माध्यम से उन्होंने उत्तरी भारत के किसानों और स्ट्रीट वेंडर्स के साथ मिलकर 120 से अधिक देशी पौध प्रजातियों का दस्तावेज़ीकरण और संरक्षण किया है।आर्टिस्ट माया कुमारी सुथार राजस्थान की ग्रामीण स्मृतियों और भूमि-इतिहास को समकालीन स्पैशियल डिज़ाइन से जोड़ा।

- **कान्स और सनडांस फ़िल्म फ़ेस्टिवल में अपना कार्य दिखा चुके आर्टिस्ट होंगे मौजूद**

सामग्रियों के माध्यम से विस्थापन, सत्ता और सामूहिक अस्तित्व के प्रश्नों को सशक्त दृश्य भाषा में प्रस्तुत किया है। 20 साल अनुभवी आर्टिस्ट माइकल शॉ ने अपने केरियर में वीएंडए लंदन और सिडनी फ़ेस्टिवल जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर लार्ज-स्केल साइट-स्पेसिफिक इन्फ्लेटेबल स्कल्प्चर्स प्रस्तुत किए हैं। आर्टिस्ट नताशा गालेसिच ने 10 से अधिक देशों में प्रदर्शनियां की हैं और सार्वजनिक कला, समुदाय-आधारित प्रैक्टिस व अस्पतालों में कला हस्तक्षेप के लिए अपने प्रोजेक्ट 'होसमोलोज़ी' के माध्यम से विशिष्ट पहचान बनाई है। आर्टिस्ट नव्या साह की फ़िल्में बर्लिनाले, बुसान और मामी जैसे अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म समारोहों में प्रदर्शित हुई हैं, जबकि आर्टिस्ट श्रेया अग्रवाल ने सेरेंडिपिटी आर्ट्स फ़ेस्टिवल सहित प्रमुख मंचों पर इमर्सिव मूवमेंट परफ़ॉर्मेंसेज़ प्रस्तुत की हैं। आर्टिस्ट पास्कल उंगरर को गोल्ड्स्मथ एक्सिलेंस अवार्ड सहित कई अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए हैं और वे रॉबर्ट वॉल्टर्ज़ यूके न्यू आर्टिस्ट ओफ़ द ईयर (2023) के फ़ाइनलिस्ट रह चुके हैं।

सूने मकानों में चोरी करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

जयपुर। मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी के मामले में एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। जो ऑटो रिक्शा में घूम कर रेकी के बाद सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के पास से चोरी के माल को दिल्ली में छूटकर व्यवसायी को बेच देता था। चुराए माल को बेचकर आए रुपयों से आरोपी हिस्ट्रीशीटर ने खुद का नया मकान बना लिया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) हनुमान प्रसाद ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सूने मकानों में चोरी करने वाले आरोपी केशु उर्फ किशु सिंगीवाल (25) निवासी बगराना कानोता को गिरफ्तार किया है। आरोपित कानोता थाने का हिस्ट्रीशीटर है,जिसके खिलाफ चोरी-लूट के करीब 19 केस दर्ज हैं। पूछताछ में सामने आया है कि वह अपने ऑटोरिक्शा से दिन में गलियों में घूमकर चोरी करने वाले मकान को चिह्नित करता था। इसके बाद रात के समय आकर लॉक तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देता था। इसी दौरान सीसीटीवी फुटेजों से बचने क लिए उस पर टोपी लगाकर दिशा बदल लेता था।चोरी की वारदात को अंजाम देकर ऑटो रिक्शा लेकर फरार हो जाता था। चोरी किए सोने-चांदी के गहने और कीमती सामान को दिल्ली और छुट कर बिजनेसमैन को बेचता था।

पुलिस ने मकानों में चोरी करने वाले आरोपी केशु उर्फ किशु सिंगीवाल को गिरफ्तार किया।

7 घण्टे बंद रहेगी बिजली

छबड़ा/जयपुर। कोटा से आने वाली 400 केवी लाइन पर सांगोद और खानपुर के बीच लाइन का कार्य होने के कारण 220/132 केवी कवाई, छीपाबडौद और कोलूखेड़ी की विद्युत आपूर्ति बंद होने के कारण छबड़ा तहसील से सम्बंधित सभी केवी फीडर की विद्युत आपूर्ति रविवार को 7 घण्टे बाधित रहेगी।

सहायक अभियंता टी एंड सी आरवीएनएल कोटा ने बताया कि 400 केवी लाइन पर मरम्मत कार्य होने के कारण 220/132 केवी कवाई, छीपाबडौद और कोलूखेड़ी से संचालित छबडा तहसील के सभी 33 केवी के जीएसएस छबडा, खोपर, मुंडला, कोटड़ी, केलखेड़ी, कडैयाचोर, गेंहूखेड़ी, घाटखेड़ी, पाली, फलिया, कडैयानोहर और सेवनखेड़ी से संचालित समस्त 11 केवी फीडर की विद्युत आपूर्ति रविवार को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक 7 घंटे तक बाधित रहेगी।

घाटगेट पुलिस लाइन में साढ़े तीन हजार लोगों ने पाया पौष बड़ा प्रसाद

जयपुर । राजधानी के घाटगेट स्थित पुलिस दूरसंचार लाइन में शनिवार जनवरी को श्रद्धा और उल्लास का अनूठा नजारा देखने को मिला। यहाँ स्थित संचारेश्वर महादेव मंदिर में विशाल पौष बड़ा (भोजन प्रसादी) महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस महकमे के आला अधिकारियों से लेकर नवनियुक्त जवानों तक ने एक ही पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की।

यह भव्य धार्मिक आयोजन पुलिस दूरसंचार आवासीय परिसर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम को अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम एवं तकनीकी वी.के. सिंह, निदेशक दौलतराम अटल और पुलिस अधीक्षक डॉ. हेमराज मीणा सहित अन्य उच्चाधिकारियों का कुशल मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

- **संचारेश्वर महादेव मंदिर में विशाल पौष बड़ा (भोजन प्रसादी) महोत्सव का आयोजन किया**

पुलिस दूरसंचार विभाग के लिए दोहरी खुशी का अवसर रहा। एक ओर जहाँ गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा कांस्टेबल भर्ती परीक्षा-2025 के अंतर्गत नियुक्ति पत्र वितरित किए गए,वहीं दूसरी ओर इन पुलिस दूरसंचार में नवनियुक्त 1 हजार 400 कांस्टेबलों ने सेवा की शुरुआत धार्मिक आशीर्वाद के साथ की। नियुक्ति पत्र पाकर सीधे प्रसादी कार्यक्रम में पहुंचे इन युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। वहीं कार्यक्रम में केवल विभाग के कर्मचारी ही नहीं, बल्कि आवासीय परिसर में निवासरत उनके परिवारजन और आम नागरिक भी शामिल हुए।

चावल के कट्टों के नीचे दबी मिली 1.5 करोड़ की अवैध शराब

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर नाकेबंदी कर अवैध शराब से भरा एक ट्रक पकड़ा

जयपुर । एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स राजस्थान (एजीटीएफ) ने राजस्थान में अवैध शराब के अंतर्राज्यीय सिंडिकेट पर पुलिस ने बड़ी चोट की है। एडीजी एजीटीएफ दिनेश एमएन के निर्देशन और एसपी ज्ञान चंद यादव व एएसपी सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में पुलिस ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर नाकेबंदी कर अवैध शराब से भरा एक ट्रक पकड़ा है। जब्त की गई शराब की कीमत बाजार में करीब डेढ़ करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

एडीजी एमएन ने बताया कि इस बड़ी कार्रवाई की नींव उदयपुर डीएसटी के हेड कांस्टेबल करतार सिंह की सटीक सूचना पर रखी गई। सूचना मिलते ही एजीटीएफ टीम ने दौसा जिले में स्थानीय सदर थाना पुलिस मय डीएसटी को साथ लेकर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर जाल बिछाया। रात के अंधेरे में जब संदिग्ध ट्रक आता दिखा तो पुलिस टीम ने उसे रुकवा लिया। वर्दीधारी पुलिस को देख चालक घबरा गया और संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

तस्करों ने पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए ट्रक में 415 चावल के कट्टे भर रखे थे। जब ट्रक की गहन तलाशी ली गई, तो इन कट्टों के पीछे पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब का जखीरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से रॉयल चैलेंज के 574 कार्टन (पव्वे व बोतल), मैकडॉवेल्स .1 के 200 कार्टन (पव्वे व बोतल), रॉयल स्टैग के 297 कार्टन (बोतल) सहित कुल मिलाकर 1071 कार्टन अवैध शराब जब्त की गई, जिस पर फॉर सेल इन पंजाब लिखा हुआ था।

पुलिस ने मौके से ट्रक चालक दिनेश भाम्भू पुत्र रामचन्द्र निवासी सांजटा थाना सदर बाड़मेर को गिरफ्तार किया ।

पुलिस ने मौके से ट्रक चालक दिनेश भाम्भू पुत्र रामचन्द्र (22) निवासी सांजटा थाना सदर बाड़मेर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 60 हजार रुपये नकद और तस्करी में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह यह शराब हरियाणा के सिरसा (भावदीन टोल) से भरकर गुजरात ले जा रहा था। तस्कर व्हाट्सएप के जरिए अपने आकाओं के संपर्क में था। उदयपुर डीएसटी के हेड कांस्टेबल करतार सिंह की सटीक सूचना पर की गई कार्रवाई में कांस्टेबल रविंद्र सिंह व जितेंद्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पूरे ऑपरेशन का नेतृत्व इंस्पेक्टर सुभाष सिंह ने किया, जबकि टीम में हेड कांस्टेबल महेश सोमरा, महावीर सिंह, मनोज कुमार तथा चालक सुरेश मीणा सक्रिय रूप से शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- **पुलिस ने रॉयल चैलेंज के 574 कार्टन, मैकडॉवेल्स के 200 कार्टन रॉयल स्टैग के 297 कार्टन सहित कुल मिलाकर 1071 कार्टन अवैध शराब जब्त की**

रामानन्दाचार्य जयंती धूमधाम से मनाई

रामगंजमंडी/जयपुर। रामगंजमंडी में 10 जनवरी शनिवार को जगद्गुरु रामानंदाचार्य का 726वां प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। वैष्णव बैरागी समाज द्वारा जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी 726वां प्राकट्य उत्सव दो दिवसीय कार्यक्रम उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत गोवर्धननाथ जी मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें बैंड-बाजों की मधुर धुन पर समाजजन नृत्य करते हुए मुख्य मार्गों से होकर जानकी नगर स्थित समाज भवन पहुँचे, जहाँ शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में बग्गी की बोली डॉ. घनश्याम वैष्णव की रही, समाज अध्यक्ष गिरजेश वैष्णव ने बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन में सांस्कृतिक ज्ञान परीक्षा, रंगोली प्रतियोगिता, खेलकूद प्रतियोगिताएँ तथा समाज सेवा व प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि खनी धाम रिंछी से संत बजरंग दास त्यागी महाराज रहे।

सार-समाचार

ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाला शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

जयपुर। कानोता थाना पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए लकड़ियों से भरा चोरी का ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने इस मामले में शातिर वाहन चोर और हिस्ट्रीशीटर राजेंद्र मीणा को गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ पूर्व में 14 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजय नैन ने बताया कि कानोता थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लकड़ियों से भरा चोरी का ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाले शातिर वाहन चोर और हिस्ट्रीशीटर राजेंद्र मीणा निवासी कानोता को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से चोरी गया ट्रैक्टर-ट्रॉली लकड़ियों सहित बरामद की है। जयपुर पूर्व एक शातिर वाहन चोर एवं हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ कानोता, बस्सी, आमेर, आंधी और सुभाष चौक थानों में चोरी, नकबजनी व मारपीट सहित कुल 14 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। जिसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

एमवे इंडिया ने होम डिलीवरी के अनुभव को नया आकार दिया

जयपुर। स्वास्थ्य और वेलबीइंग की ज़रूरतों को पूरा करने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक, एमवे इंडिया ने आज अपनी होम डिलीवरी सेवाओं में बड़े सुधारों की जानकारी साझा की। ये अपग्रेड कंपनी की उस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिसके तहत पूरे देश में डिस्ट्रीब्यूटर्स और उनके ग्राहकों को तेज़, भरोसेमंद और सहज ऑर्डरिंग अनुभव मिल सके। पिछले पाँच सालों में, एमवे ने अपनी होम डिलीवरी क्षमताओं को काफी मज़बूत किया है। डिलीवरी की स्पीड में बड़ा सुधार हुआ है। डिलीवरी का समय 48 घटाकर 3.1 दिन से सिर्फ 1.6 दिन कर दिया गया है और नेक्स्ट-डे डिलीवरी 29 से बढ़कर 55 से ज़्यादा हो गई है। इस बेहतर अनुभव को सर्विस नेटवर्क के विस्तार से और भी मज़बूती मिली है, जो अब भारत के 90 से ज़्यादा पिनकोड्स तक पहुँच गया है, यानि 8,000 से बढ़कर 17,500 से अधिक। ये उपलब्धियाँ एमवे की उस अटल प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं, जिसमें पूरे भारत में उपभोक्ताओं तक गुणवत्तापूर्ण वेलनेस प्रोडक्ट्स पहुँचाना शामिल है। इस बदलाव पर बोलते हुए हुए, एमवे इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर रजनीश चोपड़ा ने कहा, "डिस्ट्रीब्यूटर्स और ग्राहक हमारी रणनीति के केंद्र में हैं, और हम होम डिलीवरी को एक रणनीतिक स्तंभ के रूप में विकसित कर रहे हैं, जो बेहतर सेवा, प्रोडक्ट एक्सेस में सुधार और पूरे भारत में सहज अनुभव उपलब्ध कराता है। यह परिवर्तन मज़बूत राष्ट्रीय साझेदारियों, बेहतर डिजिटल बैकबोन और ज़्यादा चुस्त सप्लाई चेन में रणनीतिक निवेश से संभव हुआ है, जिससे हम तेज़ी से प्रतिक्रिया दे पाते हैं, स्मार्ट तरीके से काम करते हैं और अधिक निरंतरता के साथ सेवा देते हैं। जो बात मुझे भरोसा देती है।

नए सिंगर्स के सुरीले तरन्नुम में दिखा धर्मेंद्र का खिलखिलाता अक्स

जयपुर। एएमजी की बॉलीवुड संगीत की खुशनुमा शाम में नए और चर्चित कलाकारों की पुरकशिश आवाज में पिरोए छलकाए जाम..., झिलमिल सितारों का...,ड्रीम गर्ल..., पल-पल दिल के पास...जैसे हर मूड़ के गीतों में एक युग के सुपरस्टार हीमैन धर्मेंद्र का मुस्कुराता, खिलखिलाता चेहरा बड़ी तादाद में मौजूद श्रोताओं के अंतर्मन को छू गया। इससे पहले अभिनेता मरहूम धर्मेंद्र को एएमजी के कलाकारों ने एक--एक अंतरा सुरीले तरन्नुम से स्वरांजलि दी। महाराणा प्रताप सभागार में शनिवार को संजोए बॉलीवुड फिल्मों के ही मैन धर्मेन्द्र को समर्पित लाइव बैंड म्यूजिकल कार्यक्रम म्यूजिक दीवाने में सोलो व डुएट सॉन्ग्स ने शहर की आबोहवा में बॉलीवुड संगीत की मिठास घोल दी। एएमजी के फाउंडर अभिषेक माथुर व संरक्षक राजीव कुमार ने बताया कि म्यूजिक दीवाने कार्यक्रम का मकसद स्थानीय नए कलाकारों की हौसला अफजाई कराना भी है। कार्यक्रम में पुरुष और महिला समेत करीब 19 कलाकारों ने लाइव परफॉर्मेंस दी। अभिनेता मरहूम धर्मेन्द्र को संगीतमयी ट्रिब्यूट कार्यक्रम में रुमानी और रुहानियत से सराबोर मेलोडियस गीतों से यह शाम और भी हसीन हो गई। अंत में एएमजी के फाउंडर अभिषेक माथुर, संरक्षक राजीव कुमार, लक्की कपूर, सुधीर शर्मा और उत्तम डुंडलोदिया ने सभी आगंतुकों का आभार जताया।

विश्व हिंदी दिवस पर परिचर्चा

कोटा/जयपुर। राजकीय कला महाविद्यालय कोटा में हिंदी विभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस पर एक परिचर्चा रखी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रोशन भारती ने हिंदी को एक वैश्विक भाषा बताते हुए इसके अंतराष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने हिंदी को भारतीय आवाम की भाषा बताते हुए कहा कि हिंदी को सर्वाधिक वैज्ञानिक, व्यवस्थित एवं उत्कृष्ट भाषा बताया। इस अवसर पर हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विवेक शंकर ने कहा कि विश्व हिंदी दिवस के पीछे हिंदी का प्रचार-प्रसार, हिंदी को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करने का प्रयास एवं इसे अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में विकसित करने की दृष्टि हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिंदी दिवस, मातृभाषा दिवस के साथ-साथ राष्ट्र भाषा राज भाषा और प्रयोजन मूलक हिंदी भाषा पर प्रकाश डाला। हिंदी विभाग के वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रोफेसर विवेक कुमार मिश्र ने विश्व हिंदी दिवस मनाने की परंपरा का उल्लेख करते हुए हिंदी की बहुआयामी स्वरूप एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने हिंदी को भारतीय अस्मिता की भाषा बताते हुए हिंदी को भारतीय जनमानस की धड़कन कहा इस अवसर पर एम.ए. हिंदी की छात्रा अदा खान ने हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु इसके अधिकारिक प्रयोग पर बल दिया।

शिक्षक संघ राष्ट्रीय करवाएगा कर्तव्य का बोध

बूंदी/जयपुर। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की प्रेरणा से स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी से नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी तक कर्तव्य बोध पखवाडे का आयोजन जिले की प्रत्येक उपशाखा में किया जाएगा।संगठन के जिलाध्यक्ष बुद्धिप्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष संगठन के द्वारा अपने कार्यकर्ताओं, शिक्षकों एवं समाज में कर्तव्य का भाव विकसित करने के लिए कर्तव्य बोध पखवाड़ा मनाया जाता है। जब कोई राष्ट्र केवल अधिकारों की भाषा बोलने लगे और कर्तव्यों को विस्मृत कर दे, तब उसका भविष्य शोर तो करता है, पर दिशा खो देता है। ऐसे समय में कर्तव्य बोध केवल एक शब्द नहीं, बल्कि राष्ट्र को पुनः संतुलन देने वाली जीवन-दृष्टि बन जाता है। जिलामंत्री अंकित गौतम ने बताया कि प्रत्येक उपशाखा में कर्तव्यबोध पखवाड़ा सुव्यस्थित रूप से संगठन की पद्धित के अनुसार मनाए जाए इसके लिए प्रत्येक उपशाखा के लिए जिला कार्यकारिणी से एक प्रभारी लगाया है। ये रहेंगे प्रभारी कार्यक्रम के सफ़ल आयोजन हेतु बूंदी नगर उपशाखा में पर्यवेक्षक के तौर पर अनीश गुर्जर बूंदी ठामीण उपशाखा में अंबालाल गुर्जर तालेड़ा उपशाखा में रामरास मीणा के.पाटन उपशाखा में हरीश कुमार चतुर्वेदी कापरेन उपशाखा में राधेश्याम मीणा लाखेरी उपशाखा में निरंजन सिंह इंदरगढ़ उपशाखा में सुगनचंद मीणा नैनवा उपशाखा में अंकित गौतम देई उपशाखा में राकेश कुमार शर्मा और हिंडौली उपशाखा में बुद्धिप्रकाश शर्मा को नियुक्त किया गया।

छात्राओं को दी नशे से दूर रहने,सही संगति चुनने की सीख

बूंदी/जयपुर। राजकीय कन्या महाविद्यालय बूंदी में शनिवार को नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के अंतर्गत नशे के प्रति जागरूकता विषयक व्याख्यान का आयोजन प्राचार्य डॉ. संदीप यादव की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए टीकमचंद मीणा ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी गंभीर बाधा बनता है। उन्होंने छात्राओं को नशे से दूर रहने, सही संगति चुनने और जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आ ान किया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप यादव ने कहा कि आज के समय में नशा एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है, जिससे युवाओं को बचाने के लिए निरंतर जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता है।